जी सिनेमा पर होगा फिल्म क्रू का वर्ल्ड प्रीमियर

करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन के अभिनय से सजी फिल्म 'क्रू' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 25 अगस्त को दोपहर एक बजे ज़ी सिनेमा पर होगा.

फिल्म क्रू मध्यम वर्ग के संघर्षों को दर्शाती है, जिनमें पैसों, नैतिकता और अनचाही नौकरियों को लेकर संघर्ष दिखाए गए हैं, जिन्हें एक मनोरंजक और विश्वसनीय कहानी के जरिए बखूबी परोसा गया है.

फिल्म क्रू के निर्देशक राजेश कृष्णन ने कहा, क्रू का सफर शुरू से अंत तक शानदार रहा. तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन जैसे शानदार कलाकारों के साथ काम करना खुशकिस्मती की बात है. उनकी केमिस्ट्री और सेट पर हमने एक-दूसरे को जो आज़ादी दी, उसने किरदारों और कहानी में कुछ इस तरह से जान फूंकी, जिसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी. मेरा लक्ष्य एक ऐसी फिल्म बनाना था, जिसमें हास्य और जज़्बातों का स्वाभाविक संतुलन हो और कलाकारों की सहजता ने इसे आसान बना दिया. मेरा मानना है कि दर्शकों को %क्रू% पसंद आएगी क्योंकि यह अपने विषय पर एक नया नज़रिया पेश करती है और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं.

फिल्म क्रू तीन बिंदास फ्लाइट अटेंडेंट्स की कहानी है, जो सोने की तस्करी के जाल में फंस जाती हैं. जो किस्सा मस्ती और खेल से शुरू होता है, वो तब एक बड़ा मोड़ लेता है, जब उनकी अंतरात्मा जाग जाती है और फिर उनकी ज़िंदगी और ज्यादा उलझ जाती है.

कातिल की तलाश में करीना कपूर

करीना कपूर खान की अपकमिंग फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का टीज़र रिलीज़ हो चुका है. हाल ही में फिल्म से अभिनेत्री का नया पोस्टर जारी किया गया था, जिसके बाद फैंस बेसब्री से इसके टीजर का इंतजार कर रहे थे. बेबो के फैंस का ये इंतजार अब खत्म हो गया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर शेयर किया है, जिसमें करीना बेहद अलग अवतार में नजर आ रही हैं. हंसल मेहता, जो अपने अलग-अलग तरह के जॉनर में काम करने के लिए जाने जाते हैं, अब वह इस सस्पेंस थ्रिलर की दुनिया में एंगेजिंग नरेटिव के साथ कदम रख रहे हैं. ये करीना कपूर खान की हमेशा की तरह भूमिकाओं से बिल्कुल अलग है. टीज़र से लगता है कि करीना का परफॉर्मेंस इंटेंस और थ्रिलिंग होगा, जो हमने पहले कभी नहीं देखा है.हाल ही में फिल्म से करीना कपूर खान का नया पोस्टर जारी किया गया था, जिसने टीजर और ट्रेलर को लेकर फैंस में उत्साह बढ़ा दिया था.

बता दें, अपकमिंग फिल्म में करीना एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाएंगी, जिससे एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस मिस्ट्री थ्रिलर में अपनी भूमिका में कितनी गहराई लाती हैं. वीरे दी वेडिंग और क्रूके बाद, करीना कपूर खान ने एक बार फिर एकता आर कपूर से हाथ मिलाया है. द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं. ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है. यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स का प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट की गई है.

फिल्म को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार प्रोड्यूसर बन रही करीना कपूर खान ने प्रोड्यूस किया है.

श्रद्धा ने खान त्रिमूर्ति के साथ काम न करने की बताई वजह

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने खान त्रिमूर्ति सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ काम नहीं करने की वजह बताई है. श्रद्धा कपूर ने अपने करियर में अबतक सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के काम नहीं किया है. उन्होंने उनके साथ काम नहीं करने की वजह बतायी है.

श्रद्धा कपूर ने कहा कि उन्हें अभी तक बॉलीवुड के तीनो खानों के साथ काम करने का मौका नहीं मिला है.उन्होंने कहा, कई बार आपको एक फिल्म ऑफर की जाती है, लेकिन अगर आपको लगता है कि किरदार उतना रोमांचक नहीं है या वह किरदार आपके अंदर के कलाकार को चुनौती नहीं देता है तो आप उस किरदार को छोड़ देते हैं. मैं काम के बारे में बहुत स्पष्ट हूं जिसे मैं चुनती हूं.

श्रद्धा कपूर ने कहा, मैं अच्छी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हूं, अच्छी कहानियों वाली दिलचस्प फिल्में बनाना चाहती हूं, अच्छे निर्देशकों के साथ काम करना चाहती हूं और अच्छा काम करना चाहती हूं. यदि इन सबका मतलब अच्छे अभिनेताओं या बड़े सितारों के साथ काम करने का अवसर है, तो मुझे इसके लिए हां कहने में खुशी होगी.

हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर बिफरी तनुश्री

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न पर हेमा कमेटी की रिपोर्ट आ गई है. इसी के साथ ही बॉलीवुड से लेकर टॉलीवुड तक में इस पर चर्चा भी होने लगी है. बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में जारी हेमा कमेटी की रिपोर्ट को बेकार बताया और कहा कि यौन उत्पीड़न पीड़ितों को फिल्म इंडस्ट्री में काम के अवसर न दिए जाने से कोई दया नहीं दिखती. तनुश्री ने अभिनेता नाना पाटेकर और दिलीप की भी आलोचना की, जिन पर पहले यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे.हेमा कमेटी रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए तनुश्री ने न्यूज 18 से कहा, ये समितियां और रिपोर्ट, मैं इन्हें समझ नहीं पाती. मुझे लगता है कि ये बेकार हैं. 2017 में जो हुआ, उस पर रिपोर्ट बनाने में उन्हें सात साल लग गए? वैसे भी इस नई रिपोर्ट का क्या मतलब है? उन्हें बस आरोपियों को गिरफ्तार करना था और एक मजबूत कानून व्यवस्था लागू करनी थी.अभिनेता पर आगे निशाना साधते हुए तनुश्री ने कहा, नाना और दिलीप जैसे लोग साइकोपैथ हैं. उनका कोई इलाज नहीं है. मुझे इन समितियों की परवाह नहीं है.

मर्दानी फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी की दिखाई दी झलक

यशराज फिल्म्स ने लोकप्रिय पुलिस फ्रेंचाइजी फिल्म मदानी की 10वीं वर्षगांठ पर, इसके अगले अध्याय की झलक पेश की है.

यशराज फिल्म्स की मर्दानी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल महिला-प्रधान फ्रेंचाइजी है, और इस लोकप्रिय पुलिस फ्रेंचाइजी की 10वीं वर्षगांठ पर, कंपनी ने इसके अगले अध्याय की झलक पेश की है. रानी मुखर्जी अभिनीत मर्दानी का पहला भाग 2014 में रिलीज़ हुआ था, और 2019 में इसका सीक्वल भी आया. दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं.

रानी मुखर्जी ने मर्दानी फ्रेंचाइजी में शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाई है, जो एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी हैं, जो हमेशा सही के लिए खड़ी होती हैं और बहुत साहस के साथ न्याय दिलाती हैं.

विवादों में फंसी कंगना रनौत की इमरजेंसी

बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे बहुत पसंद किया जा रहा है. इमरजेंसी 6 सितंबर को रिलीज होने वाली है और उससे पहले ही विवादों का हिस्सा बन गई है. फिल्म को बैन करने की मांग उठी है.

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने इमरजेंसी को सिख विरोधी बताते हुए बैन करने की मांग की.हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि फिल्मों से जुड़े ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, जब सिख किरदारों के गलत कैरेक्टर और सिखों की धार्मिक चिंताओं के कारण सिख भावनाओं को ठेस पहुंची है. उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से कंगना रनौत की इमरजेंसी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की और कहा कि आगे से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सिख विरोधी भावनाओं वाली कोई भी फिल्म रिलीज न हो.

हरजिंदर सिंह धामी ने सेंसर बोर्ड में सिख सदस्यों को शामिल करने की मांग की, क्योंकि सिख सदस्य न होने के कारण पक्षपातपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि एसजीपीसी ने पहले भी कई बार अपनी आम बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की है कि सेंसर बोर्ड में सिखों का एक प्रतिनिधि जरूर शामिल किया जाए, लेकिन यह दुखद है कि सरकार इस पर अमल नहीं कर रही है. एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि इस फिल्म पर रोक लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस फिल्म के रिलीज होने से सिख समुदाय में काफी रोष और नाराजगी पैदा होना

सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नये गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज हो गया है.

सलमान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स को लॉन्च किया है और उनका करियर बनाया है. सलमान ने हाल ही में अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को लॉन्च किया था और अब वह अपने भांजे अयान अग्निहोत्री का करियर बनाने में लगे हुए हैं.अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री का बेटा है. हाल ही में, अयान यानी अग्नि का पहला गाना और म्यूजिक वीडियो पार्टी फीवर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया. अब अग्नि का एक और नया गाना यू आर माइन आ रहा है, जिसका टीजर सामने आ गया है. इस गाने को सलमान ने अपनी आवाज दी है और अग्नि ने इसमें रैप किया है.

सलमान खान ने गाना यू आर माइन का टीजर अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सलमान पेंटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं और अग्नि उनके पास आकर मस्ती भरे अंदाज में उनसे उनके आर्टवर्क के बारे में सवाल पूछते हैं. साथ ही उन्हें रैप करके भी दिखाते हैं.

अनन्या पांडे की कॉल मी बे की कैसी होगी कहानी

प्राइम वीडियो की ओरिजिनल सीरीज कॉल मी बे का ऐलान हो चुका है. इस सीरीज में अनन्या पांडे लीड रोल में हौ और उनके किरदार के इर्द-गिर्द पूरी कहानी घूमने वाली है. अनन्या पांडे इस सीरीज में बेला चौधरी उर्फ बे की भूमिका में नजर आएंगी. बे एक अमीर लड़की है जिसके विरासत में संपत्ति मिली है और वो एक हसलर बनने की तैयारी में है. उसे लगता है कि उसकी सबसे कीमती संपत्ति उसके हीरे नहीं, बल्कि उसकी चालाकी और स्टाइल है. मंगलवार यानी 20 अगस्त को इसका ट्रेलर रिलीज होने वाला है.

इससे पहले ही हम आपके लिए इस कहानी के सभी किरदारों की झलक लेकर आए हैं. बे के सभी करीबी के बारे में आपको विस्तार से पता चलने वाला है. सायरा और तमाराह, बे की सबसे अच्छी, हमेशा साथ निभाने वाली बहनों जैसी दोस्त हैं. मुस्कान जाफरी द्वारा अभिनीत सायरा एक आत्मविश्वासी और युवा लड़की है जो बे की अजीबोगरीब नई जिंदगी में उसकी पहली दोस्त बन जाती है, जो उसे अकेले बड़े शहर में आगे बढ़ने में मदद करती है. निहारिका लाइरा दत्त ने वर्कहॉलिक और परफेक्शनिस्ट तमाराह का किरदार निभाया है, जो एक उभरती हुई पत्रकार है जो बे की पहली बड़ी नौकरी के दौरान मिलती है और उससे दोस्ती करती है.%कॉल मी बे% धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है, जिसके कार्यकारी निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा हैं. अनन्या पांडे की %कॉल मी बे% में वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. इस सीरीज को इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने लिखा है और कोलिन डी'कुन्हा ने निर्देशित किया है. 8 भागों वाली यह सीरीज भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में 6 सितंबर को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से प्रीमियर होगी.

धैर्य कारवा ने दीपिका के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'आपका अपना ज़ाकिर' में अभिनेता धैर्य कारवा ने दीपिका पादुकोण के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की.

इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के खुशनुमा शो 'आपका अपना ज़ाकिर' में इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा 'ग्यारह ग्यारह' के कलाकार कृतिका कामरा, राघव जुयाल और धैर्य कारवा का स्वागत किया जाएगा.इस एपिसोड में, ये सेलेब्रिटी मेहमान होस्ट ज़ाकिर खान के साथ खुलकर बातचीत करते हुए, अपनी ज़िंदगी के कुछ दिलचस्प अनुभवों को साझा करेंगे.

इस शो में धैर्य कारवा ने एमबीए करने से लेकर मनोरंजन की दुनिया में कदम रखने तक के अपने सफर के बारे में दिलचस्प खुलासा किया, और बताया कि ब्रह्मांड ने उनके लिए कुछ अलग ही योजनाएं बनाई थीं. उन्होंने बताया, मैं 9 से 5 की नौकरी में डेटा एनालिस्ट के तौर पर काम कर रहा था, लेकिन ज़िंदगी ने मेरे लिए कुछ और ही योजनाएं बना रखी थीं. मैंने एमबीए करने का मन बना लिया था, लेकिन एक दिन मेरे दोस्तों ने मुझसे पूछा कि मैंने कभी मॉडलिंग में हाथ क्यों नहीं आज़माया, और उन दिनों मैं मैगज़ीन में कुछ तस्वीरें भी देखा करता था.

उनकी बातें सुनकर मुझे लगा कि मैं वाकई मॉडलिंग कर सकता हूं. तो, इससे मेरा हौसला बढ़ा और मैंने इसे आज़माने का फैसला किया और अपनी किस्मत आज़माने के लिए मुंबई आ गया. ज़ाकिर खान ने धैर्य से उनकी फिल्म गहराइयां और दीपिका पादुकोण के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा, जिस पर धैर्य ने कहा, मेरे साथ भी वही हुआ था जो हर किसी के साथ होता है. दीपिका पादुकोण को देखकर हर कोई अपनी लाइन्स भूल जाता है. जैसा कि दिलजीत जी ने कहा था, आज मुझे करीना कपूर के साथ काम करना है.उसी तरह मेरी प्रतिक्रिया थी आज मुझे दीपिका पादुकोण के साथ काम करना है! इसलिए मैं बहुत उत्साहित था, और वह बहुत प्यारी हैं. जब आप उनसे बात करते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि वह कोई स्टार हैं.

वह बहुत विनम्र हैं, वह हर सुबह रसम चावल खाती हैं, और जब आप उनसे बात करते हैं, तो वह आपको अपने व्यक्तित्व से सुखद रूप से हैरान कर देंगी. मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मज़ा आया.